तापमान

अधिकतम 41 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 12 अप्रैल 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



12 समाज में बढ़ रही विकृति को रोकने युवा आगे आएं : सार्वा






14 मोबाइल मेडिकल यूनिट से हटाई गई सर्जरी लेवल की दवाएं




## खबर संक्षेप

### बजरंग चौक में मनेगा हनुमान प्राक्ट्योत्सव

**नगरी।** हनुमान मंदिर समिति द्वारा नगर के बजरंग चौक में आज हनुमान जन्मोत्सव विधि-विधान से मनाया जायेगा। पूजा-अर्चना की जायेगी। सुबह 8 बजे से हनुमान को वंदन, लेपन लगेगा। ज्योति प्रज्वलित की जायेगी। 11 बजे प्रसादी वितरण व्यापारी संघ बजरंग चौक द्वारा किया जायेगा। 2 बजे सुन्दरकाण्ड पाठ भुलाल निषाद द्वारा, 3 बजे से पूजन हवन ग्राम पुरोहित ठाकुरीधर शर्मा द्वारा, शाम 6 बजे से बजरंग चौक समिति द्वारा महाआरती, रात्रि 8 बजे से गिरधारी शरण का हरिकीर्तन होग।



### आज जोरातराई में हनुमान जन्मोत्सव

**अंवरी।** इस वर्ष भी ग्राम जोरातराई में श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए लोक कलामंच लोक तिहार छुरिया राजनांदगांव का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में बजरंग दल जुटा हुआ है।

### छाती में आज निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं पंडवानी

**पुरी।** मानव कल्याण स्वर्गधाम सेवा समिति छाती एवं श्रीराम जानकी मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में आज 12 अप्रैल को सुबह 11 बजे से 2 तक साहू भवन छाती में निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं पंडवानी रखी गई है। शिविर में रामकृष्ण हॉस्पिटल रायपुर, उपाध्याय नर्सिंग होम, चटर्जी हॉस्पिटल, सरसकृष्ण अस्पताल धमतरी के चिकित्सक सेवाएं देंगे। शाम 4 बजे सुंदरकांड पाठ, 8 बजे से 11 बजे तक कुमारी दुर्गा साहू निनवा तिल्दा नेवरा की पंडवानी होगी। शाम 7 बजे अतिथियों द्वारा 1111 दीपकों से महाआरती की जायेगी।

### खपरी में मनाई जायेगी अंबेडकर जयंती

**अंवरी।** ग्राम खपरी( कुम्हारी) में 14 अप्रैल को सर्व समाज द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के लोक गायक यशवंत सतनामी का कार्यक्रम होगा। सर्वप्रथम भारत के संविधान की प्रस्तावना का पठन, पंथी नृत्य, कार्यकर्ता सम्मान, अतिथियों का उद्बोधन होगा। समारोह की तैयारी में आयोजक समिति के रूपेंद्र बघेल, ताराचंद बघेल, कामदेव बघेल, विनोद बघेल, जयचंद, इतवारी बघेल, नीरज बघेल, द्वारका कुर्रे और नरेश डिगरे जुटे हैं।

### सिर्री में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आज

**सिर्री।** ग्राम पंचायत सिर्री के बाजार चौक में 12 अप्रैल को जसबीर सिंह गुरुदत्ता प्रदेश अध्यक्ष जनसंघ सेवक मंच छत्तीसगढ़ के सहयोग से एमजीएम रायपुर के नेत्र अस्पताल द्वारा निः शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया है। मोतियाबिंद की जांच के उपरांत मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन हेतु अस्पताल के वाहन से एमजीएम अस्पताल रायपुर भेजा जाएगा जिसमें मरीजों के रहने, खाने साथ ही घर वापस लाने तक के वाहन की व्यवस्था की जायेगी। मरीजों के मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। ऑपरेशन के पंजीयन हेतु मरीज को मोबाइल नंबर, आधार कार्ड और राशन कार्ड की फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है। जसबीर सिंह गुरुदत्ता ने 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को अपनी आंख की जांच करवाने और शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

मसूर ने लक्ष्य से अधिक 1432 प्रतिशत पर बनाई जगह

# रबी में दलहन-तिलहन फसल ने तोड़ा रिकार्ड

## मटर-मूंग पर किसानों ने जताया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

फसल चक्र परिवर्तन में कृषि विभाग की मेहनत रंग लाई है। रबी फसल में चना, मटर, मसूर, कुल्थी, मूंग, उड़द ने विभागीय लक्ष्य का रिकार्ड तोड़ दिया है। जिले के किसान गत वर्ष के मुकाबले 14 हजार हेक्टेयर से अधिक रकबे पर फसल ले रहे हैं, वहीं मक्का, रागी की खेती लक्ष्य से पिछड़ गई है।

उल्लेखनीय है कि कृषि विभाग ने रबी फसल में धान के बदले दलहन-तिलहन फसल के लिए किसानों को जागरूक एवं प्रोत्साहित किया। सन 2023-24 में ग्रीष्मकालीन धान का लक्ष्य 20 हजार हेक्टेयर रखा गया था लेकिन 3043 हेक्टेयर में धान की फसल ली गई थी। सन 2024-25 में भी विभाग ने ग्रीष्मकालीन धान का लक्ष्य 20 हजार हेक्टेयर रखा है। जिसमें 24201 हेक्टेयर पर धान की खेती हुई है। विभागीय लक्ष्य से इस बार 21 प्रतिशत ग्रीष्मकालीन धान की फसल ली गई है। गेंहू फसल का लक्ष्य 1000 हेक्टेयर से बढ़कर 1630.17 हेक्टेयर हुआ है। मक्का का लक्ष्य 800 हेक्टेयर रखा गया है जिसके मुकाबले 430 में फसल ली गई है।

कृषि विभाग के उपसंचालक मोनेश कुमार साहू ने बताया कि हेक्टेयर रखा गया था। जिसका रकबा बढ़कर 26386 हेक्टेयर हो गया है। दलहन फसल का लक्ष्य 3280 से बढ़कर 5405.63 हेक्टेयर हो गया है। रबी फसल में अनाज, दलहन, तिलहन, साग पहुंच गया है। किसान फसल चक्र परिवर्तन को लेकर जागरूक हुए हैं।



### तिलहन फसल में मूंगफल्ली, अलसी राई पर जोर

तिलहन की फसल पर भी किसानों ने दिलचस्पी दिखाई है। मूंगफल्ली का लक्ष्य 20 हेक्टेयर था, जिसके मुकाबले 51 हेक्टेयर पर बोनी हुई। लक्ष्य से 255 प्रतिशत की खेती हुई है। राई-सरसों 3100 हेक्टेयर के लक्ष्य को पारकर 5179 हेक्टेयर पर पहुंचा। वहीं अलसी 110 हेक्टेयर के टारगेट को पारकर 163.43 हेक्टेयर पर पहुंच गया। वहीं साग सब्जी, गन्ना का लक्ष्य 1010 हेक्टेयर से बढ़कर 1160.40 हेक्टेयर पर पहुंच गया है।

### दलहन में मसूर की खेती ने चौंकाया

दलहन फसल में किसानों ने इस बार मसूर की खेती पर खूब भरोसा जताया है। सन 2023-24 में मसूर की खेती मात्र 40 हेक्टेयर पर हुई थी। सन 2024-25 में विभाग ने 80 हेक्टेयर पर मसूर की खेती का लक्ष्य बनाया था जिसके मुकाबले 1145.60 हेक्टेयर में मसूर की फसल ली गई है। यह लक्ष्य से 1432 प्रतिशत अधिक है। मटर का टारगेट 150 हेक्टेयर का था, जो बढ़कर 1398.81 हेक्टेयर हो गया। यह लक्ष्य से 932.54 प्रतिशत अधिक है। मूंग 50 हेक्टेयर के लक्ष्य को पार करते हुए 443.80 हेक्टेयर पर पहुंच गई। यह लक्ष्य का 887 प्रतिशत अधिक है। उड़द ने भी इस बार बाजी मारी है। 90 हेक्टेयर के लक्ष्य को पार करते हुए 391.21 हेक्टेयर पर बोनी हुई है। यह लक्ष्य का 439.21 प्रतिशत है। तिवड़ा की फसल इस बार फिसल गई है। 14 हजार हेक्टेयर के मुकाबले 12698 हेक्टयेर में ली गई है। कुल्थी पर किसानों ने जोर लगाया है। 10 हेक्टेयर टारगेट पर 95 हेक्टेयर पर कुल्थी की फसल ली गई है। कुल्थी विभागीय लक्ष्य से 950 प्रतिशत अधिक है। चना ने 10 हजार हेक्टेयर लक्ष्य को पार करते हुए 15430 हेक्टयर पर जगह बनाई।

# मूल्यांकन कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों को करें ब्लैक लिस्ट : रेणु पिल्ले



■ अपर मुख्य सचिव ने बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन केन्द्र शिवसिंह वर्मा स्कूल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

प्रदेश की अपर मुख्य सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, अध्यक्ष व्यापम एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल तथा धमतरी जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले ने धमतरी प्रवास के दौरान जिले में बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन केन्द्र शिवसिंह वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से मूल्यांकन कार्य में आ रही दिक्कतों के बारे में पूछा तथा इसे और बेहतर करने के लिए सुझाव भी लिए। इसके अलावा प्रतिदिन मूल्यांकन किए जाने वाले उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या की भी जानकारी श्रीमती पिल्ले ने ली। जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले ने बताया कि मूल्यांकन केन्द्र में संस्कृत, बायोलॉजी और कृषि विज्ञान की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है। शिक्षकों द्वारा प्रतिदिन 25-30 उत्तर पुस्तिकाओं की जांच की जा रही है। शिक्षकों ने मूल्यांकन कार्य का मानदेय चार-पांच महीने बाद मिलने की जानकारी दी, जिस पर श्रीमती पिल्ले ने मानदेय जल्द प्रदान करने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि मूल्यांकन कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षक को ब्लैक लिस्ट किया जाए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव, सहायक संचालक लीलाधर चौधरी, सहायक परियोजना अधिकारी डीके सूर्यवंशी, मूल्यांकन केन्द्र प्रभारी श्रीमती बी.मैथ्यू उपस्थित थे।

# आयुक्त से घटिया सीसी रोड निर्माण की शिकायत

■ शीतलापारा पार्षद ने जांच होने तक ठेकेदार का पेमेंट रोकने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शीतलापारा वार्ड पार्षद सहित वार्डवासियों ने गुणवत्ताहीन सीसी रोड की जांच करने की शिकायत निगम आयुक्त से की है।

पार्षद उमा भागी ध्रुव सहित वार्डवासी राकेश मंडावी, शीतल ध्रुव, रूक्मणि, नंदलाल लहरे, केदारनाथ साहू, आनंद ढीमर ने निगम आयुक्त के नाम शिकायत पत्र में कहा है कि शीतलापारा वार्ड में 4 मार्च 2025 को तूफान चौक के पास ठेकेदार ने सीसी रोड निर्माण का शेष कार्य किया है जो गुणवत्ताहीन है। निर्माण सामग्री में सीमेंट का उपयोग मानक से कम तथा पौन इंच गिट्टी के बदले डेढ़ इंच गिट्टी का उपयोग किया गया है। सीसी रोड का सीमेंट उखड़ने लगा है।

वार्डवासियों ने कोर कटिंग कर शीघ्र जांच की मांग की है साथ ही जांच होते तक ठेकेदार के पेमेंट पर रोक लगाई जाए।

# शहर में पांच करोड़ से बनेगा अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम

■ इलेक्ट्रानिक उपकरण, एसी, मिनी जिम, स्पोर्ट कोर्ट, वेट ट्रेनी जैसी सुविधाएं रहेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महापौर रामू रोहरा की मांग पर शहर में आधुनिक सुविधाओं से लैस इंडोर स्टेडियम बनाने के लिए स्वीकृति दे दी है। इसके लिए शासन की ओर से धमतरी को पांच करोड़ रूपये मिलेंगे। अब महानगरों की तर्ज पर धमतरी में भी अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम बनेगा। प्रस्तावित इंडोर स्टेडियम आमातालाब रोड बाबू



पंढरी राव कृदत्त स्टेडियम में बनेगा जहां विभिन्न इलेक्ट्रानिक उपकरण, चेंजिंग रूम, एसी लाइट, स्पोर्ट कोर्ट, वेट ट्रेनी, मिनी जिम, बोरवेल, सुविधायुक्त लेट बाथरूम, वेटिंग रूम, मेडिकल रूम, ड्रेनेज सिस्टम हार्वेस्टिंग सिस्टम आदि की सुविधाएं रहेंगी।

यह इंडोर स्टेडियम मल्टीपर्पस इंडोर हाल होगा, जहां एकसाथ कई खेल खेले जा सकेंगे। इंडोर हाल के अंदर एसी में बैडमिंटन, कुश्ती, बास्केट बॉल, वालीबॉल, जूडो, कराते, रेसलिंग, वेट लिफ्टिंग, टेबल टेनिस जैसे खेलों को विकसित किया जाएगा। इंडोर हॉल के बन जाने से खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि निगम महापौर रामू रोहरा ने मल्टीपर्पस इंडोर हॉल की मांग मुख्यमंत्री से की थी। श्री रोहरा की इस मांग पर मुख्यमंत्री से अपनी सहमति दे दी है। इसके लिए 5 करोड़ मिलेंगे। श्री रोहरा ने बताया कि ट्रिपल इंजन की सरकार है तो धमतरी के विकास के लिए पैसों की कमी नहीं आएगी। शहर के विकास के लिए मुख्यमंत्री ने हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

श्री रोहरा ने कहा कि नगर के खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर भी खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होंगे। बता दें कि इंडोर हाल का निर्माण इंडोर स्टेडियम में होगा। इसके लिए 40 मीटर लंबा और 20 मीटर चौड़ा हॉल होगा। छत की ऊंचाई 12 मीटर होगी। हॉल के अंदर एक साथ कई खेल खेले जाएंगे।

# ब्लूटूथ स्पीकर, सीढ़ी की रेलिंग उखाड़ ले गए चोर

■ गोकुलपुर स्कूल में चोरी, प्रधानपाठिका ने सिटी कोतवाली में दी घटना की जानकारी


हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

गोकुलपुर सीबीएससी मिडिल स्कूल से कीमती सामान के साथ बिल्डिंग में बनी सीढ़ी की रेलिंग को चुराकर अज्ञात चोर फरार हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार गोकुलपुर सीबीएससी मिडिल स्कूल की प्रधानपाठिका ने सिटी कोतवाली पहुंचकर पुलिस को बताया कि 11 अप्रैल की सुबह



सीबीएससी मिडिल स्कूल के चैनल व कमरे का ताला टूटा हुआ था। संस्था की कर्मचारी सरिता की नजर पहले टूटे हुये तालों पर पड़ी। बताया कि अज्ञात चोर ने स्कूल भवन में प्रवेश कर भीतर रखे दो बड़ी साइज के ब्लूटूथ स्पीकर की चोरी कर ली। चोर ने कमरे में लगे



प्रोजेक्टर की भी चोरी करने का प्रयास किया लेकिन वे नाकाम हो गये। चोर ने प्रोजेक्टर स्क्रीन को जमीन पर गिरा दिया था। स्कूल भवन के भीतर चोरी करने के बाद चोर जाते-जाते सीढ़ी पर एक तरफ लगी लोहे की रेलिंग को उखाड़कर ले गए हैं। पुलिस को बताया कि स्कूल के बाहर परिसर में दो नग लोहे की रॉड पाई गई है। वहीं कमरे में रखे स्टील के चेयर में जूतों के स्पष्ट निशान मिले हैं। घटना की सूचना शाला विकास समिति के अध्यक्ष को दे दी गई है। स्कूल की प्रधानपाठिका ने सिटी कोतवाली को लिखित आवेदन कर घटना की जानकारी दी है।

# शराब खरीदने की बात को लेकर रॉड से हमला कर युवक का सिर फोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

काम कर वापस घर लौट रहे युवक पर आरोपियों ने रॉड से हमला कर उसे घायल कर दिया है। इस घटना में युवक के सिर पर चोट आई है।

पुलिस के अनुसार स्थानीय गोकुलपुर वार्ड के ठाकुरपारा निवासी राकेश तिवारी पिता कृष्णा उम्र 25 वर्ष बस कंडक्टर का काम करता है। बुधवार की शाम युवक स्टैण्ड में बस से उतरकर अपने घर



ठाकुरपारा जा रहा था। इसी दौरान गोकुलपुर स्थित पुराना बैला बाजार के पास राकेश को वहीं पर रहने वाले सागर व उसके अन्य साथी युवक ने शराब खरीदने की बात को लेकर अश्लील गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान सागर मारपीट शुरू कर दी। तभी उसके साथी ने हाथ में रखे लोहे की रॉड से राकेश पर हमला कर दिया। इस हमले में राकेश के सिर के पीछे चोट लगी है। घायल की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी सागर व उसके साथी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## कलेक्टर, महापौर, आयुक्त के निरीक्षण से नाग मंदिर के विकास की आस जगी

# हटकेशर की गलियों में बिखरी है सांस्कृतिक धरोहर

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शहर का हटकेशर वार्ड अपने सैकड़ों वर्ष पुराने इतिहास को आज भी संजीदगी के साथ संजोया हुआ है। प्रदेश का एकमात्र सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक नाग मंदिर तथा यहां की गलियों में बिखरा हुआ हजारों साल पहले का सती स्तंभ अपने प्राचीन इतिहास का बखान कर रहा है। हटकेशर की गलियों में सैकड़ों साल से खुले स्थान पर गर्मी, सर्दी, बारिश का कहर झेल रही शिलाकृतियों को आज भी संरक्षण के लिए मसीहा का इंतजार है। अचानक नाग मंदिर पहुंचे कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के अलावा निगम महापौर रामू रोहरा, आयुक्त प्रिया गोयल के निरीक्षण से शहरवासियों में हटकेशर की गौरवशाली धरोहरों के









संरक्षण तथा नाग मंदिर विकास की आस जागी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 1500 साल पहले बस्तर में नागवंशी शासकों का इतिहास मिलता है। उस समय हटकेशर से नदी गुजरती थी। इसका प्रमाण नदी वाले प्रवाह क्षेत्र की जमीन आज भी रेतीली है। नागवंशी शासक धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यहां हाटकेश्वर नामक गांव बसाकर नागदेव के मंदिर और प्रतिमा स्थापित की। इसे मत्स्य पुराण के श्लोक आकारों तारकलिग, पाताले हाटकेश्वरम, मृत्युलोके के महाकाकम तय लिंगम नमस्तुते से जोड़कर देखा जाता है। यानी पाताल/नागलोक के प्रमुख महादेव हाटकेश्वर के नाम से यहां नाग मंदिर बनाया गया। हटकेशर के बुजुर्ग बिशाल ठाकुर, जनकराम साहू ने बताया कि नागदेव का प्राचीन मंदिर करीब 17 फीट उंचा तथा 8 बाई 8 फीट लंबा, चौड़ा है। सालों पहले ग्रामीणों ने जब मंदिर का जीर्णोद्धार किया तक यह देखने को मिला कि मंदिर ढाई फीट लंबा, डेढ़ फीट चौड़ा तथा एक फीट मोटा मुरुम पत्थर की सिल्लियों से बना हुआ है। इसी तरह के हजारों पत्थर से अरौद लीलर की महानदी में घाट बनाया गया है जिसे उस समय का बंदरगाह माना जाता है।

### सती स्तंभों को मसीहा का इंतजार

हटकेशर वार्ड की गलियों में अखरादेव, धारणदेव, ठाकुरदेव के नाम से सती स्तंभ मौजूद है। सती स्तंभों में महिला-पुरूष की आकृति के अलावा सूरज-चांद, चूड़ी पहने हाथ का चित्रण किया गया है। उस समय सती प्रथा का प्रचलन था जिसमें पति की मृत्यु के बाद महिला के सती होने पर इस तरह की शिलाकृति को स्मारक के रूप में स्स्थापित किया जाता था। वर्तमान में हटकेशर के प्राचीन इतिहास का गवाह बने सती स्तंभों को संरक्षण की जरूरत है।

### मंदिर परिसर में प्रसाधन और गार्डन की मांग

हटकेशर गांव को निगम में शामिल करने के दौरान इसे तीन वार्डों में बांटा गया है। हटकेशर, शीतलापारा तथा सुभाषनगर वार्ड के पार्षद पूर्णिमा भरत देवांगन, उमा भागी ध्रुव, सूरज गहरवाल ने बताया कि नगरवासियों के सहयोग से यहां नाग मंदिर का भव्य निर्माण हो रहा है। मंदिर में विभिन्न धार्मिक आयोजनों के अलावा सैकड़ों श्रद्धालु पूजा पाठ के लिए पहुंचते है। यहां सर्व सुविधायुक्त शौचालय तथा फूलों का गार्डन बनाने की आवश्यकता है। वहीं मंदिर परिसर में अतिक्रमित पंप हाउस तथा कला मंच को हटाकर भव्य गेट बनाने से नाग मंदिर के विकास को गति मिलेगी। पार्षदों का कहना है कि कलेक्टर अबिनाश मिश्रा तथा महापौर रामू रोहरा, आयुक्त प्रिया गोयल सहित निगम टीम के निरीक्षण से मंदिर विकास तथा शिलाकृतियों के संरक्षण की आस जागी है।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

**खबर संक्षेप**

## सुशासन त्योहार के प्रथम चरण में 168 आवेदन मिले



**दुधावा।** नरहरपुर के ग्राम पंचायत दुधावा में भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहा अभियान के तहत ग्राम दुधावा के मांग एवं शिकायत पेटी में कुल 168 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बता दें कि यह पेटी पंचायत भवन में 8 से 11 अप्रैल तक रखा गया था, जिसके प्रभारी अधिकारी ग्राम विस्तार अधिकारी महेंद्र कुमार साहू के द्वारा बताया गया कि कुल 168 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो कि इसके निराकरण कर दूसरा और तीसरा चरण में शिविर लगाकर किया जाएगा। सुशासन तिहार के प्रथम दिवस से अंतिम दिवस तक ग्रामवासी हेमलाल रजक, इंद्रभान साहू, ग्राम सरपंच आकाश नेताम, रविंद्र साहू, भगवंतीन साहू, उप सरपंच निरंजन ग़जीर व लक्ष्मण साहू ने सुशासन दिवस की प्रथम चरण को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।

## कोटपारा में चैतराई पर्व आज और कल मनाएंगे

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत आमाकड़ा के आश्रित ग्राम कोटपारा में देव स्थल सोनकुंवर बूढ़ादेव में 12 एवं 13 अप्रैल को चैतरई पर्व का आयोजन होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर नेताम एवं सचिव रामसाय नेताम ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी देव स्थल तोगराज सोनू कुवर बुढादेव में चैतराई पर्व मनाया जाना है जिसमें नया फसल चार आम मंडियां, ई मली, आदि चढ़ाया जाना है यहां हमारे सात भाई टेकाम नेताम मरकाम हिडकोड कडियाम केडाम परचापी का पेन मजा है जिसमें हमारे सातों भाइयों के साथ-साथ आको मामा भूमकाल को भी निमंत्रण दिया गया है चैतराई पर्व 2025 आयोजन समिति के सदस्य देवेंद्र टेकाम, हरिलाल नेताम, कृष्णा राम, संग्राम नेताम, लखन नेताम, छबीराम टेकाम, रमेश कुमार कडियाम, बृजलाल, रामसिंह नेताम, सुखलाल नेताम, विसवा नेताम, चंदन सिंह, नेमराय सिंह नेताम, भुवनेश्वर नेताम, मैनसिंह नेताम एवं अन्य सदस्य तैयारी में जुटे हुए है।

## मृतक के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर द्वारा सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों के लिए 25-25 हजार रूपए और सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्तियों के लिए 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। भानुप्रतापपुर तहसील सुभाषपारा निवासी अंजली बिश्वास की सड़क दुर्घटना में घायल होने पर 10 हजार रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम साल्हे निवासी सुरेश कोसमा की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी पत्नी सतवन्तीन के लिए 25 हजार और पुजारीपारा कलंगपुरी निवासी यामिनी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी पत्नी बजईबाई के लिए 25 हजार की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## नाटक दालिया का मंचन बस्तर आर्ट गैलरी में आज

**जगदलपुर।** कवि गुरु रवीन्द्रनाथ टैगारे की कहानी पर आधारित नाटक दालिया का मंचन कल 12 अप्रैल को बस्तर आर्ट गैलेरी में शाम 8 बजे से किया जाएगा। इस नाटक के लेखक हृषिकेश सुलभ हैं, वहीं निर्देशक जीएस मनमोहन हैं। नाटक दालिया के विभिन्न किरदारों में निर्मल सिंह राजपूत, गायत्री आचार्य, शिवप्रकाश सीजी, मनीष श्रीवास्तव, माही कश्यप, संतोष महंती, जी संभव, राम बघेल, प्रिंस व अंकित दुबे नजर आयेंगे। वहीं मंच परे प्रशांत दास, जी संध्या, जी अधिश्री, विश्वजीत भट्टाचार्य व विनेश की अहम भूमिका होगी।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
धमतरी मो. 9174466336

### सिरसिदा परिक्षेत्र के खम्हरिया में हुआ साहू समाज का वार्षिक अधिवेशन

# समाज में बढ़ रही विकृति को रोकने युवा आगे आएं : सार्वा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



परिक्षेत्रीय साहू समाज सिरसिदा अन्तर्गत आने वाले ग्राम खम्हरिया में परिक्षेत्र स्तरीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ सिरसिदा परिक्षेत्र के सामाजिकजनों द्वारा कलशयात्रा निकालकर किया गया। कलशयात्रा विभिन्न गलियों का भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम के अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, कंवल राम साहू, भुनेश्वर साहू, रामभरोस साहू, लखन लाल साहू, हृदय साहू, संतराम नेताम सरपंच थे।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि आज समाज के विकास के लिए नई सोच लाना जरूरी है। शादी विवाह में नियमों का निर्वहन करने में समाज की महिलाओं की अहम भूमिका होती है। आज खर्चीली शादी को रोक कर बदलाव लाना जरुरी है। समाज में बढ़ रही विकृति को रोककर परम्परा और संस्कृति को बचाना जरुरी है इसके लिए समाज के युवाओं को आगे आना जरुरी है।

जनपद पंचायत नगरी के उपाध्यक्ष हृदय साहू ने कहा कि समाज के युवा व्यवसाय से जुड़कर लगन से काम करे तो निश्चित रूप से हमारी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है।

इस दौरान समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को मोमेन्टो, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सिरसिदा परिक्षेत्र के पदाधिकारी लाल सिंह साहू,विष्णुरत साहू, उमा साहू, चंद्रभान साहू, पूनाराम साहू, निर्मल कुमार साहू, प्रदीप कुमार साहू, ज्ञानेश्वर साहू, दीपेश कुमार साहू, पुनेन्द्र कुमार साहू, विवेक साहू, उपेंद्र कुमार साहू, मनोहर लाल साहू,टिकेश्वरी साहू, योगेश्वरी साहू, सीता साहू, सत्यनारायण साहू, देवेंद्र कुमार साहू, मनोज कुमार साहू, जयराम साहू, शांति लाल साहू, भानुप्रताप साहू, प्रदीप साहू, मुरलीधर साहू, तिलक साहू, टेमन लाल साहू, सहदेव साहू, रूपेश साहू, अजय साहू, ज्ञानेश्वर साहू प्रेमशंकर साहू, लक्ष्मण साहू, अर्जुन साहू, दिनेश साहू, देवनाथ साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

## यूनिसेफ की टीम ने दरबा में जल जीवन मिशन की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव




यूनिसेफ की केंद्रीय टीम जल जीवन मिशन का निरीक्षण करने ग्राम दरबा पहुंची। सरपंच श्रीमती पूजा साहू ने रेट्रो फिटिंग एवं सोलर तकनीक से घरों में पानी की सप्लाई की तकनीक से केंद्रीय टीम को अवगत कराया। अगली पंचवर्षीय योजनाओं को बताया। वीडब्ल्यूएससी के सदस्यों से परिचय कराया एवं उनके कार्यों की भी क जानकारी दी। जलबहिनी के कार्यों एवं उनकी बैठकों से भी अवगत कराया।

मौके पर उपसरपंच गुलशन कुमार साहू, पंचगण दिनेश साहू, खेमचंद साहू, योगेश साहू, कमलेश साहू, कन्हैया, सोम साहू, ज्योति वर्मा, रामेश्वरी बंजारे, नूतन साहू, रेखा, सुमित्रा, पूर्णिमा साहू, कीर्ति, कलाबाई, चमेली साहू, पार्वती साहू, टिकेश्वरी साहू, कविता देवांगन, शशि कला, लक्ष्मी साहू , परमेश्वर साहू, अलख निर्मलकर, पीयूष, आकाश साहू, खिलेश साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

## शमीश्वर महादेव मंदिर समिति का गठन



**धमतरी।** हाउसिंग बोर्ड हटकेशर स्थित शमीश्वर महादेव मंदिर समिति का गठन किया गया है। गुरुवार को मंदिर समिति की बैठक हुई जिसमें अध्यक्ष कामता प्रसाद शर्मा, कोषाध्यक्ष संतोष गजेंद्र, उपाध्यक्ष सुरेंद्र चंद्राकर, श्रीमती रूक्मणि ठाकुर, पूजा शर्मा, सचिव प्रहलाद साहू, सहसचिव आशा राणा बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में शमीश्वर महादेव मंदिर की समस्त महिला मंडल को शामिल किया गया

## रामनवमी पर भक्तों को बांटा प्रसाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

रामनवमी के अवसर पर नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 11 में भक्तों को प्रसादी वितरण किया गया। मौके पर सोमनाथ देवांगन, कुलदीप देवांगन, पुखराज देवांगन हीरालाल देवांगन, भैरव देवांगन, पलक देवांगन, परिधि देवांगन, प्रणव देवांगन नमन, भावेश, वंश, पूर्वी, तारणी, तानिया, भोमराज, योगेश, खेमराज, डाकेश देवांगन, बलजीत छाबड़ा, मनोज साहू, यशकुमार, फलेन्द्र साहू, झम्मन, तरुण साहू, भूषणलाल साहू, लोमेश साहू, रामचंद्र साहू, ऋषभ टाटिया, गंगाशरण, राखी यादव, रोहिनी, सावित्री समेत अन्य मौजूद थे।

## गुजरा में रामायण सम्मेलन आज से

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम गुजरा में हनुमान जन्मोत्सव पर दो दिवसीय रामायण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 12 अप्रैल को दोपहर 12 बजे होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुनपुरी गोस्वामी अध्यक्ष राजमानस संघ धमतरी, राजेश कैसल अध्यक्ष राज मानस शक्ति केंद्र गुजरा, श्रीमती बागेश्वरी साहू जनपद सदस्य डोमा, श्रीमती दुर्गेश्वरी अखिलेश साहू सरपंच गुजरा, नंदलाल साहू ग्राम पटेल, योगेश्वर उपाध्याय संरक्षक तहसील ब्राह्मण समाज भखारा, सुनील साहू उपसरपंच होंगे। कार्यक्रम में विभिन्न मानस मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी, कविता बाबर जिला पंचायत सदस्य, अमरदीप साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, गोविंद साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, विशाल साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति गुजरा, अरुण तिवारी, कमलेश तिवारी अध्यक्ष पटवारी संघ रायपुर होंगे। सम्मेलन का आयोजन नवजागृति मानस मंडली गुजरा, मां अनुसुइया महिला मानस मंडी गुजरा, नवदीप मानस मंडली गुजरा, रामकृष्ण मानस मण्डली गुजरा, सती श्रद्धा महिला मानस मंडली गुजरा एवं ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।



## सांकरा को नगर पंचायत बनाने किया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा



ग्राम सांकरा में सुशासन तिहार मनाया गया। इस अवसर पर युवाओं समेत बुजुर्गों ने अपनी समस्याएं को सरकार तक पहुंचाने के लिए आवेदन किया। युवाओं ने सांकरा को नगर पंचायत बनाने के लिए आवेदन किया। उन्होंने बताया कि यहां की जनसंख्या बढ़ती जा रही है। लगभग 12000 हो गई है। लोगों को ठीक से सुविधाएं तक नहीं मिल रही है। नगर पंचायत बनने से सारी सुविधाएं मिलेंगी। युवाओं ने सांकरा में खुलने वाली शराब दुकान को बंद करने, गार्डन, ओपन जिम, सौर ऊर्जा नल, प्राथमिक शाला सांकरा, कोड़मुडपारा, शंकर चौक, टिकरापारा समेत बस स्टेशन, नंदी चौक, सौंदर्यीकरण की मांग, स्कूलों की मरम्मत कार्य के लिए आवेदन किया।

मौके पर सरपंच नागेंद्र बोरझा, गिरवर भंडारी ग्राम व्यवस्था अध्यक्ष, साधु साहू, प्रवीर साहू, डेविड साहू, भारत पटेल, निकेश निषाद, सुकदेव साहू, यश, विक्की साहू, भावेश साहू, टेकांत सोनी, अंकित बिसेन समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर देवरी एवं भोथीपार में जातरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

ग्राम सुदन देवरी एवं भोथीपार में हनुमान जन्मोत्सव पर जातरा का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम देवरी में जातरा के पीछे एक रहस्य है। यहां वर्षों पूर्व जमीन से मां खल्लारी प्रकट हुई थी। गांव के कुछ लोगों को सपना भी आया। फिर गांव में बैठक रखी गई और उस झाड़ी के पास जाकर देखा तो वहां माता खल्लारी की एक मूर्ति विराजमान थीं। फिर गांववालों ने वहीं उनकी स्थापना की। माता खल्लारी श्रद्धालुओं की मन्नतें पूरी करती थी। ग्रामवासियों ने मिलकर मंदिर का निर्माण करवाया और तब से चैत्र पूर्णिमा पर जातरा का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वहीं भोथीपार में पुजारी बैगा को एक सपना आया कि माता नाला किनारे हैं। पुजारी ने वहां जाकर देखा तो वहां माता खल्लारी की मूर्ति थी तब से यहां भी माता खल्लारी का जातरा का आयोजन किया जा रहा है। रात में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को देखने के लिए दूर-दराज से लोग आते हैं।



## भाजपा सरकार में लिखी जा रही विकास की नई गाथा





- सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में सरपंच, जनपद सदस्य व जिपं सदस्यों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरूर(धमतरी)

भाजपा मंडल गुरूर, पुरूर, सनौद का संयुक्त सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ जिसमें भाजपा समर्थित सरपंच, जनपद सदस्य व जिला पंचायत सदस्यों का सम्मान किया गया।

पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू ने भाजपा के संस्कार, कर्तव्यों के साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विचारों को रखा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार बनते ही सबसे पहले अटल जी के जन्मदिन पर किसानों को दो वर्ष का बोनस दिया। 31 सौ रूपये में धान खरीदी की। पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार ने कहा कि भाजपा सरकार की योजनाओं से आज देश के विकास में एक नई गाथा लिखी जा रही है। पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने कहा कि भाजपा की सरकार आने के बाद आज देश में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त चावल योजना, जल जीवन योजना, युवाओं के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा लोन सहित कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई है। विधान सभा कार्यक्रम प्रभारी कौशल साहू, जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू, लक्ष्मी साहू, चंद्रिका गंजीर सहित अन्य नेताओं ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

कार्यक्रम में गुरूर मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा, पुरूर मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडेय, सनौद मंडल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन, मंडल संयोजक प्रेमसाय कलिहारी, नंदकिशोर शर्मा, ईशाप्रकाश साहू, यादराम साहू समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डांडेसरा में मांग एवं शिकायत के 379 आवेदन मिले

- सुशासन तिहार को लेकर ग्रामीणों में देखा गया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)



ग्राम पंचायत डांडेसरा में 8 से 11 अप्रैल तक सुशासन तिहार शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया। समाधान पेटी के माध्यम से लोगों ने अपनी मांग, समस्या और शिकायत की। लोगों ने आवास, जॉब कार्ड, शौचालय, पेंशन, स्ट्रीट लाइट, पुल निर्माण, नाली निर्माण, पीएम विश्वकर्मा योजना, उज्ज्वला गैस योजना, पशु शेड निर्माण, भवन निर्माण, वेतन से संबंधित 373 मांग एवं 6 शिकायत के लिए आवेदन पेटी में डाला। सबसे ज्यादा आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में 230 आवेदन आए हैं। सभी आवेदनों को विभागवार चिन्हित कर संबंधित विभागों को भेजा जायेगा। माह भर में संबंधित विभाग मांग समस्याओं का निराकरण करेंगे, फिर तीसरे चरण में प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित सभी जनप्रतिनिधि गांव-गांव घूमकर लोगों से बातचीत करके वास्तविकता जानेंगे। साय सरकार की इस बेहतरीन पहल की जनता ने जमकर तारीफ करते हुए बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। लोग अपनी मांगों, समस्याओं के लिए आवेदन करने बेहद उत्सुक दिखे। समाधान शिविर के प्रथम चरण को सफल बनाने में डांडेसरा सरपंच खुमेश्वरी साहू, राजस्व पटवारी वीरेंद्र बैस, प्रभारी अधिकारी शिक्षक बृजभूषण बंजारे, पीएसजी कर्मचारी टिकेश्वर साहू, रोजगार सहायक एमन्त कंवर, कम्प्यूटर ऑपरेटर भोलेश्वर यादव, कोटवार गुलाबदास मानिकपुरी, शिक्षक किरण कुमार साहू, स्वसहायता महिला समूह की सदस्य अंजु ध्रुव, संध्या साहू, चित्रकुमारी साहू की भूमिका रही।

### रामचरित मानस से हमें भगवान राम को समझने का मौका मिलता है : मुनेन

## डोंगरडुला के मानस सम्मेलन में 30 मंडलियों ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



ग्राम पंचायत डोंगरडुला में रामनवमी पर राज्य स्तरीय तीन दिवसीय संगीतमय मानस सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें प्रदेश से तीस से अधिक मानस मंडलियों ने शिरकत की। रामनवमी के दिन कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके मुख्य अतिथि मुनेन ध्रुव जनपद सदस्य, विशेष अतिथि स्मृति नेताम सरपंच श्रीमती फुलेश्वरी नेताम, पूर्व सरपंच, पुष्पा मंडावी जनपद सदस्य, मुकेश बघेल पूर्व उपाध्यक्ष, डोमार सिंह ध्रुव ब्लॉक अध्यक्ष कर्मचारी अधिकारी संघ, रघुराम यादव ग्राम पटेल, सुरेंद्र साहू उपसरपंच, रूपेंद्र ध्रुव सरपंच कल्लेमेटा, प्रताप साहू पूर्व उपसरपंच थे। समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डोमार सिंह ध्रुव ने कहा है कि इस गांव में अनवरत पंद्रह वर्षों से मानस सम्मेलन का आयोजन होना ग्राम की एकता को प्रदर्शित करता है। श्रीराम हमारे जीवन के लिए आदर्श हैं। उनके त्याग, संयम, सेवा का अनुसरण किया जाना चाहिए।

मुकेश बघेल ने कहा कि इस आयोजन से ग्रामवासियों में एकजुटता स्थापित होती है। मुख्य अतिथि मुनेन ध्रुव ने कहा कि रामचरितमानस सम्मेलन के आयोजन से हमें राम के आदर्शों को समझने मौका मिलता है। हमें उनके गुणों का अनुकरण करना चाहिए। श्री ध्रुव ने अपनी निधि का सबसे पहले उपयोग इस ग्राम के विकास के लिए करने की बात कही है। आभार व्यक्त जीवन बघेल अध्यक्ष ग्राम व्यवस्था समिति ने किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनराज साहू एवं पेमंत साहू ने किया। भंडारे की व्यवस्था अनिल वाधवानी, चंद्रहास साहू एवं साहूपारा के लोगों ने की।

सम्मेलन को सफल बनाने में ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष जीवन बघेल सचिव, पुराणिक नेताम, कोषाध्यक्ष नरेंद्र साहू, मनराखन साहू, श्यामलाल साहू धनीराम ध्रुव, लखन लाल साहू, हेमनाथ साहू, डमरू साहू, चिंताराम मंडावी, रोहित साहू, महेंद्र ध्रुव, निर्मल साहू, देवकुमार साहू, चंद्रहास साहू, जितेंद्र साहू, चतुर्भुज साहू, तासीराम यादव, दीपक मरकाम, एमेंद्र देवदास का योगदान रहा।

## मितानिनों ने सीएम से की भवन निर्माण की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

क्षेत्र की मितानिनों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भवन निर्माण की मांग किया है। मगरलोड विखं में कुल 300 मितानिन और 18 ब्लॉक समन्वयक प्रशिक्षक कार्य कर रहे हैं। मितानिनों का कहना है कि हर वर्ष एक सप्ताह का प्रशिक्षण रखा जाता है। प्रशिक्षण के लिए भवन खोजना पड़ता है। मितानिनों ने मधुबन में पांच कमरा का भवन निर्माण की मांग की है।

इस अवसर पर सुनीता साहू, मोना साहू, सरोज, लक्ष्मी, दुर्गा, रामेश्वरी, मीना, संगीता, देवकुमारी, कृष्णा सिन्हा, सन्नी, मुकेश्वरी, फगनी गायकवाड, चंपेश्वरी, लक्ष्मी चक्रधारी मौजूद रही।

## अंचल की खबरें

### कौहाबाहरा में सुशासन तिहार मना



**नगरी**। ग्राम कौहाबाहरा में सुशासन तिहार मनाया गया। समस्या एवं मांग को लेकर ग्राम पंचायत में 784 आवेदन प्राप्त हुए हैं। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी श्यामा चरण मंडावी, बूथ अध्यक्ष भूषणलाल मरकाम, प्रेम सिंह मरकाम, बूथ अध्यक्ष राजेश्वर नेताम, रामप्रसाद मरकाम, विनोद नेताम, महादेव नेताम, प्रकाश नेताम, रमेश मंडावी, सहदेव नेताम, इतवारिन बाई, तीजिया बाई, राजो बाई, दुर्गा बाई समेत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### महिलाओं को पोषण के पांच सूत्र के बारे में बताया



**नगरी**। आंगनबाड़ी केंद्र नगरी डीहीपारा नगरी में पोषण पखवाड़ा 2025 के तहत विशेष सुपोषण चौपाल का आयोजन हुआ। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म निभाई गई। प्रथम 1000 दिवस के बारे में जानकारी दी र्ग। पोषण के पांच सूत्र के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक एक के पार्षद राजकुमार पवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ऋषि साहू, दीपमनी ध्रुव, दीपिका, नेम ज्योति साहू, मैना, यशोदा साहू, रेणुका निर्मलकर, परम यादव, पद्मिनी चतुर्वेदी, दुर्गेश्वरी, तुलसी, हितेश्वरी एवं आंगनबाड़ी के बच्चे उपस्थित थे।

### कुर्रा में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



**अंवरी**। ग्राम कुर्रा में भाजपाइयों ने पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेई के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर गांव में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम में सिन्धु बैस, मनोज दीवान, फत्तेलाल, सुग्रीव कंवर, दीवान, सन्नी बैस, अंगेश्वर बैस, हीराराम बैस ,शत्रुघ्न दीवान, अजब दीवान, भगत कंवर, तीजन बाई, हीरा बैस, नीरा कंवर, रमशीला बैस, लोकेश्वरी बैस, लीला ध्रुव, उदय महार, देवधर साहू, रानी महार समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्कूली बच्चों को बैग, पुस्तक, पेंसिल, स्कैच पेन का वितरण किया गया

# महावीर जयंती पर 122 लोगों ने किया रक्तदान

- रानीतराई में महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

जैन समाज भखारा राज के तत्वावधान में 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का परिक्षेत्रीय जन्म कल्याणक महोत्सव रानीतराई में आयोजित किया गया, जिसमें रक्तदान, पुस्तक वितरण के अलावा मंत्रोच्चारण, नृत्य एवं गीत प्रतियोगिता हुई। मंचीय कार्यक्रम के तहत समाज को अहिंसा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ज्योति पारख अध्यक्ष नगर पंचायत भखारा, सतीष रायसोनी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, दीपमाला कोचर सदस्य जनपद पंचायत पाटन, राधेलाल लोढ़ा समाज सेवी दुर्ग, थानमल ओस्तवाल गुण्डरदेही, हरख पारख विधायक प्रतिनिधि भखारा, श्री टिकरिहा सरपंच, भूपेंद्र यादव पार्षद शामिल हुए। महावीर जन्म कल्याण महोत्सव के तहत प्रभात फेरी एवं शोभायात्रा निकाली गई। प्रतिभा मंचन में नवकार महामंत्र , लयबद्ध गायन उचित संबंध जोड़ो, 24 तीर्थंकर का नाम बिना अटके उच्चारण, व्याख्यान, धर्म और कर्म प्रहसन, आराधना के बाद नृत्य एवं गीत प्रतियोगिता हुई। टैलेंट हंट के बाद विजेता प्रतिभागियों को



पुरस्कार वितरण किया गया। अतिथियों ने समाज को अहिंसा का संदेश दिया। स्कूली बच्चों को किताब,पेन पेंसिल, स्कैच पेन, मीठा का वितरण किया गया। जैन युवा मंच के निर्मल रायसोनी और गौतम पारख की टीम ने रक्तदान शिविर लगाया जिसमें 122 लोगों ने रक्तदान किया। सभी को प्रमाण-पत्र और अनुमोदन प्रतीक दिया गया। कार्यक्रम में कुरुद, भखारा, बटरेल, बेल्हारी, सुरपा, ओदरागहन, जामगांव सहित करीब 35-40 गांव के समाजिक पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर आसकरण गोलछा,



भागचंद बेगानी, भरत नाहर, ललित पारख, बबीता जैन, विजय कोचर, जिनेश चौरडिया, अनिल, सुनील रायसोनी, मनीष नाहर, रजत, गौतम जैन, निर्मल रायसोनी, प्रमोद जैन, मनोज पारख, प्रेमचंद चौरड़िया, गुलाबचंद रायसोनी, गोवर्धन कोचर, सोनराज गोलछा, अशोक साहू, सत्यनारायण टिकरिहा, रश्मि वेदप्रकाश, भारती, किरण शकुन जैन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## आदिवासियों की जमीन छीनने वाले संशोधन आदेश को निरस्त करने की मांग

- सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मधुबन रांकाडीह मधुबन में आयोजित नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई ने मांग पत्र सौंपा। श्री मरई ने मुख्यमंत्री को अवगत कि भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(6) में जो संशोधन किया गया है, उससे आदिवासी समाज को भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस संशोधन से आदिवासी भूमिहीन होते जा रहे हैं। उन्होंने इस आदेश को निरस्त करने मुख्यमंत्री से निवेदन किया जिस पर मुख्यमंत्री ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई के मुताबिक छग भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(6) के तहत



अंतरण पर प्रतिबंध में पट्टा शामिल नहीं है। धारा 165 की उपधारा (1) में यह प्रावधान किया गया है कि कोई भी भूस्वामी अपने भूस्वामी हक की भूमि को किसी भी दूसरे व्यक्ति को कभी भी अंतरित कर सकता है। जबकि उपधारा 6 (1) में यह प्रावधान है कि अधिसूचित क्षेत्र में किसी भी अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्ति द्वारा अपनी भूमि किसी गैर अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्ति को विक्रय अथवा अन्यथा हस्तांतरित नहीं कर सकता। उपधारा 6 (2) में यह प्रावधान है कि गैर अधिसूचित क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्ति द्वारा कलेक्टर की पूर्व अनुमति से ही अपनी भूमि किसी गैर अनुसूचित जनजाति को विक्रय अथवा अन्यथा हस्तांरित कर सकता है।

वर्तमान में भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(6) में संशोधन पश्चात अधिसूचित एवं गैर अधिसूचित क्षेत्र दोनों क्षेत्रों में अनुसचित जनजाति वर्ग का कोई भी व्यक्ति अपनी भूमि को किसी भी गैर अनुसूचित वर्ग के व्यक्ति को पट्टे पर यानी लीज पर दे सकता है। इससे आदिवासियों की जमीन को लीज पर लेकर बड़े पैमाने पर जमीन का खेल खेला जा रहा है और आदिवासियों से उनकी जमीन छीन ली जा रही है।

## सेवानिवृत्त शिक्षक को सम्मान के साथ दी गई विदाई

**कुरूद**। शासकीय हाईस्कूल के सेवानिवृत्त प्राध्यापक ओमप्रकाश साहू को शाला परिवार द्वारा जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, प्राचार्य दयालुराम साहू, सरपंच प्रीति साहू, पूर्व सरपंच सविता गंजीर, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष दानी राम साहू, शिक्षाविद भानु राम साहू, पत्रकार यशवंत गंजीर एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में ससम्मान विदाई दी गई। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने उनके सम्मान में स्वागत गीत एवं विदाई गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों एवं शाला परिवार द्वारा शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डीआर साहू ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक सरकारी प्रक्रिया है, जो सभी सरकारी कर्मी के साथ लागू होती है। परंतु ओपी साहू के साथ जितने दिन भी मैंने कार्य किया, उनकी कुशल कार्यक्षमता व उत्कृष्ट योगदान याद किये जायेंगे।

## प्रभारी मंत्री ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



- सीटी स्कैन, ब्लड बैंक और पुरुष वार्ड में जाकर मरीजों से ली व्यवस्थाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

श्री वर्मा ने जिला अस्पताल के सीटी स्कैन, ब्लड बैंक और पुरुष वार्ड का जायजा लिया। उन्होंने पुरूष वार्ड में भर्ती मरीजों से चर्चा की और अस्पातल प्रबंधन द्वारा दी जा रही सुविधाओं तथा अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। प्रभारी मंत्री ने अस्पताल में साफ-सफाई बनाए रखने, मरीजों को सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने, ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, आयुक्त नगर निगम श्रीमती प्रिया गोयल, सीएमएचओ डॉ.यूएल कौशिक, डॉ टोंडर, गिरीश कश्यप, डीपीएम श्रीमती प्रिया कंवर सहित अस्पताल के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## शंकरदाह स्कूल के व्याख्याता निलंबित

अनुशासन भंग करने तथा बैड टच की जांच सही पाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मारपीट, गाली-गलौज और बैड टच के मामले में शंकरदाह के शिक्षक रोहित कुमार देवांगन को निलंबित कर दिया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक दिव्या उमेश मिश्रा ने 7 मार्च को आदेश जारी कर कहा है कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरदाह के व्याख्याता एलबी रोहित कुमार देवांगन के खिलाफ अनुशासन व्यवस्था भंग करने, शैक्षणिक गतिविधियों में व्यवधान करने, गाली-गलौज, मारपीट करने की शिकायत जिला शिक्षाधिकारी ने लोक शिक्षण संचालनालय से की थी। शिकायत के संज्ञान में 21 अक्टूबर 2024 को प्रारंभिक जांच कराई गई। जांच प्रतिवेदन में उक्त शिकायत की पुष्टि हुई है।

पूर्व में भी श्री देवांगन के विरूद्ध गंदे शब्दों का प्रयोग, गलत व्यवहार, बैड टच करने की शिकायत पर विखं शिक्षाधिकारी ने जांच कराई थी। जिसमें उक्त शिकायत की पुष्टि हुई थी। वर्तमान में श्री देवांगन के व्यवहार में कोई सुधार नहीं पाया गया। यह कृत्य छग सिविल सेवा आचरण के विपरीत हैं। सिविल सेवा नियम अंतर्गत रोहित कुमार देवांगन व्याख्याता एलबी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय होगा। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी।

### विद्यार्थियों को इंटर्नशिप प्रमाण-पत्र वितरित

**नगरी**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलरगांव में शिक्षा सत्र 2024-2025 अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा हेल्थ केयर का पाठ्यक्रम संचालित हैं जहां कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं का आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलरगांव में इंटर्नशिप कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जेके नाग व श्री राजवाड़े एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से संपन्न किया गया। संस्था प्रमुख आरके देवांगन, एनसी सोम, एसके नेताम, उमेश कुमार नाग, श्रीमती डीएन कश्यप, केएल साहू, जेएस नेताम, एमएन साहू, श्रीमती बी साहू, वीके कोसरिया, टीआर साहू, भारती मालेकर, चेतन उंद्रे ने विद्यार्थियों को इंटर्नशिप प्रमाण-पत्र का वितरण किया।













## खबर संक्षेप

### झिरिया धोबी समाज का अधिवेशन 13 से

**कुकरेल(धमतरी)।** झिरिया धोबी समाज धमतरी राज का 56 वां वार्षिक अधिवेशन 13 एवं 14 अप्रैल को बोरसी परिक्षेत्र के ग्राम अरौद स्कूल प्रांगण में किया गया है। प्रातः 10 बजे शोभायात्रा निकलेगी। विवाह योग्य युवक-युवती परिचय एवं महिला सम्मेल होगा। समाज के पदाधिकारियों का सम्मान किया जायेगा। सामाजिक विषयों पर चर्चा एवं समस्याओं के निराकरण के अलावा बच्चों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक एवं तुलसी कौशिक निजी सहायक मुख्यमंत्री छग शासन होंगे। अध्यक्षता धमतरी राज अध्यक्ष भरत निर्मलकर करेंगे। यह जानकारी जागेश्वर निर्मलकर बोरसी ने दी है।

### भवन का लोकार्पण सम्मान समारोह आज

**धमतरी।** जय बूढ़ादेव आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज समिति मुजगहन द्वारा 12 अप्रैल को दोपहर 12 बजे गोंडवाना भवन मुजगहन में नीशु चन्द्राकर पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, श्रीमती अंगिरा ध्रुव अध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी के मुख्य आतिथ्य परस राम ध्रुव सेवानिवृत्त प्राचार्य की अध्यक्षता एवं धनेश्वरी भूमेश साहू सदस्य जिला पंचायत धमतरी, कीर्तन मीनपाल सदस्य जनपद पंचायत धमतरी, होमेश्वर साहू सरपंच, दीनबंधु ध्रुव जिला उद्योग महाप्रबंधक जिला गरियाबंद, पंच शैलेंद्र ध्रुव, श्रीमती दमयंतीन ध्रुव, श्रीमती द्रौपदी ध्रुव, श्रीमती लीलेश्वरी ध्रुव के आतिथ्य में लोकार्पण, होली मिलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित है। समाजजनों से उपस्थिति की अपील आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज समिति के अध्यक्ष डुमन लाल ध्रुव ने की है।

### होर्डिंग नहीं हटाने पर होगी कार्रवाई



**धमतरी।** नगर निगम ने शहर भर में अवैध रूप से लगे होर्डिंग्स और बैनर्स को लेकर सख्त रुख अपना लिया है। निगम ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जिन स्थानों पर बिना अनुमति के होर्डिंग्स लगाए गए हैं, उन्हें तीन दिनों के भीतर हटा लिया जाए, अन्यथा संबंधित व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त प्रिया गोयल ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायतों और शहर की बिगड़ती सौंदर्यता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। अवैध होर्डिंग्स न केवल शहर की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि यातायात में भी बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। उपायुक्त पीसी सार्वा ने कहा कि अगर निर्धारित समयसीमा में अवैध होर्डिंग्स नहीं हटाए गए तो निगम खुद उन्हें हटाएगा और अवैध होर्डिंग लगाने के लिए जुर्माना भी अधिरोपित किया जाएगा। कई अवैध होर्डिंग लगाने वालों को निगम ने नोटिस भी जारी कर दिया है।

- निगम ने तीन दिन के भीतर होर्डिंग्स और बैनर्स हटाने की दी चेतावनी

ईडीएल में दवाओं की संख्या 285 से 170 की गई, फिर भी इलाज पर नहीं पड़ा प्रभाव

# मोबाइल मेडिकल यूनिट से हटाई गईं सर्जरी लेवल की दवाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में चार मोबाइल मेडिकल यूनिट है, जिनमें दवाइयों की मात्रा कम कर दी गई है। हालांकि इससे सामान्य बीमारी के मरीजों को कोई फर्क नहीं पड़ा है जो दवाइयां कम की गई हैं, वह सर्जरी लेवल की है। इस प्रकार की दवाओं के जरूरतमंद मरीजों को जिला अस्पताल भेजा जा रहा है।

बुजुर्ग सहित अन्य प्रकार से असक्षम मरीज कई बार अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे मरीजों को इलाज की सुविधा उनके ही घर के नजदीक देने के लिए शहरी मोबाइल मेडिकल यूनिट की सुविधा शुरू की गई है। इस योजना के तहत जिले में चार वाहन हैं, जो वार्डों में घूम घूमकर लोगों को चिकित्सा की सुविधा दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार चार वाहनों में से दो वाहन धमतरी शहर में चल रहे हैं। एक वाहन कुरूद नगर में और एक वाहन आमदी नगरी और भखारा नगर पंचायत को कवर रहा है। पहले हर मेडिकल यूनिट में इंसेसियल ड्रग लिस्ट (ईडीएल) में 285 प्रकार की दवाओं को शामिल किया गया था। इसमें से कई दवाएं मेडिकल यूनिट में उपयोग नहीं हो पा रही थीं। ये दवाएं सर्जरी सहित बड़ी बीमारियों के इलाज में उपयोग आती हैं। स्थिति को देखते हुए मोबाइल मेडिकल यूनिट की ईडीएल से इन दवाओं को हटा लिया गया। अब इस यूनिट में 170 प्रकार की दवाएं हैं। ईडीएल से इन दवाओं को हटाए जाने से मोबाइल मेडिकल यूनिट के इलाज में ज्यादा फर्क नहीं आया है।

#### हर वार्ड में 15 दिन में शिविर

शहर में 40 वार्ड हैं और दो मेडिकल यूनिट है। प्रत्येक मेडिकल यूनिट को 20 वार्ड कवर करना होता है। यह मेडिकल यूनिट स्लम एरिया पर फोकस करती है। ऐसे में हर वार्ड में प्रत्येक 15 दिन में शिविर लगाकर इलाज किया जाता है। मरीजों को दिन व तिथि पहले से बता दी जाती है। मेडिकल यूनिट के डॉक्टर अतुलराज ने बताया कि हर रोज मेडिकल यूनिट में मरीजों की भीड़ उमड़ती है। सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर लगाया जाता है। इसके बाद भी यदि मरीज आते हैं, तो किसी को निराश नहीं किया जाता है।

#### पर्याप्त दवाई है

डॉ राज ने बताया कि मेडिकल यूनिट को दी जा रही 170 दवाओं में इंजेक्शन, कैप्सूल, टैबलेट, सीरप सभी शामिल हैं। इन दवाओं से बीपी, शुगर, सर्दी, बुखार, हाथ पैर दर्द, कमजोरी, हाई कोलेस्ट्राल जैसी कई बीमारियों का उपचार किया जा सकता है। मोबाइल मेडिकल यूनिट में सामान्य बीमारियों का ही इलाज संभव है। गंभीर बीमारी के मरीजों को जिला अस्पताल भेजा जाता है। यहां के इलाज से लोग संतुष्ट होकर जाते हैं।

## ग्राम बिजनापुरी के उपसरपंच ने शासन से मांगी मूलभूत सुविधाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्राम बिजनापुरी के उपसरपंच खेमलाल साहू ने सुशासन तिहार अंतर्गत शासन से मूलभूत सुविधाएं मांगी है। इसके लिए उन्होंने आवेदन पत्र शासन-प्रशासन को भेजा है। उन्होंने शासकीय माशा सरसोंपुरी में प्रधान अध्यापक, शासकीय स्कूल मैदान का समतलीकरण, सरसोंपुरी के जोगी तालाब का सौंदर्यीकरण, खेत से नहर किनारे होते हुए छाती नहर पार में मुरूमीकरण, वार्ड 12 एवं 13 में रंगमंच, पैठू तालाब तक सीसी रोड निर्माण, गिरधारी घर से चमेली घर तक सीसी रोड निर्माण की मांग है।

### परखंदा में भाजपा का स्थापना दिवस मना

**कुरूद।** ग्राम परखंदा में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सभा आयोजित कर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि भाजपा महामंत्री कुरूद टिकेश साहू एवं सरपंच माधुरी मोहित साहू सहित कार्यकर्ताओं ने भारतमाता, अटलबिहारी बाजपेई , डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया।

## प्रदेश में विकास की लहर चल रही है : टंकराम

- खपरी के सुशासन तिहार में पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री
- सशिमं में अहाता निर्माण के लिए 7 लाख और सीसी रोड, नाली निर्माण के लिए 4 लाख की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा शुक्रवार को जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान वे ग्राम खपरी में आयोजित सुशासन तिहार में पहुंचे । श्री वर्मा ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार को आपका आशीर्वाद मिला है। मोदी की गारंटी में लोगों को आवास, महतारी वंदन योजना के तहत राशि, धान खरीदी का बोनस को पूरा किया है। लोगों को प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। प्रदेश में विकास की लहर चल रही है। सरकार आपकी समस्याओं और मांगों को जानने के लिए सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविरों के जरिए आवेदन ले रही है, जिसका निराकरण भी किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं। गरीबों और किसानो की समस्याओं को सरकार ने समझा और उनको लाभ दिया। एक सौ दिनों में पूरी योजनाएं लागू की। भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत 10 हजार हितग्राहियों को राशि दी गई। प्रदेश की महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत हर माह एक हजार रूपये उनके खातों में भेजा जा रहा है। नलजल, गैस, शौचालय जैसी योजना हमारी सरकार लाई है। प्रभारी मंत्री ने खपरी में सरस्वती शिशु मंदिर में अहाता निर्माण के लिए सात लाख रूपये और तालाब के नीचे सीसी रोड और नाली के लिए चार लाख रूपये की घोषणा की। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पीजी कालेज में फॉयरलेस कुकिंग एक्टिविटी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के अंग्रेजी विभाग द्वारा फॉयरलेस कुकिंग एक्टिविटी का आयोजन किया गया, जिसमें एमए चतुर्थ एवं द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने फायर के उपयोग के बिना विभिन्न प्रकार के व्यंजन जैसे भेल, पेस्ट्री, कप केक, फल सलाद, दही लस्सी आदि के स्टॉल लगाए। निर्णायक सहायक प्राध्यापक किशोर चेलक, निशा तिवारी, अंबिका साकेत थे।

प्रतियोगिता में ईशा साहू एवं ग्रुप चतुर्थ सेमेस्टर को प्रथम स्थान, भूपेन्द्र एवं ग्रुप चतुर्थ को द्वितीय स्थान एवं मीनाक्षी एवं ग्रुप द्वितीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर प्राचार्य डॉ. वीके पाठक, पल्लवी सेन, नीता मित्तल व अंकिता प्रसाद उपस्थित थे।

## निगम, बोर्ड व पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष का किया सम्मान



- प्रदेश में साहू समाज की अलग पहचान है : नेहरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ ने साहू समाज कार्यालय रायपुर में जितेंद्र कुमार साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य तेलघानी विकास बोर्ड, चंदूलाल साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम, नेहरू निषाद अध्यक्ष अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग आयोग, प्रदेश साहू समाज के अध्यक्ष टहलसिंग साहू का पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मान किया। अपने उद्बोधन में नेहरू निषाद ने कहा कि साहू समाज का गौरवशाली इतिहास भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का एक अभिन्न हिस्सा है।

समाज ने मुख्य रूप से व्यापार, कृषि, समाज सेवा से जुड़कर अपनी अलग पहचान बनाई है। इसे समाज की मेहनत, ईमानदारी, उद्यमशीलता और समरसता में देखी जा सकती है। साहू समाज ने समय-समय पर अपने संगठन को मजबूत किया। श्री निषाद ने आगे कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में भी साहू समाज ने सक्रिय भागीदारी निभाई थी।

## उद्घोष के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम का हुआ अभिषेक



- पं. झम्मन शास्त्री ने बाह्य आडंबर को हिंदू राष्ट्र का सबसे बड़ा रोड़ा बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को स्वयं टेंट में रहना पड़ा। वे एक लंबे समय तक वनवास काल में रहे। लेकिन इसके बाद 22 जनवरी 2024 को उनकी जन्मस्थली अयोध्या में श्रीराम का भव्य मंदिर अब हम सबकी आस्था व श्रद्धा का पवित्र पुंज है। उक्त बातें राधाकृष्ण परिसर में पं. झम्मन शास्त्री महाराज ने कही। उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान में बाह्य आडंबर एवं स्वार्थपरक राजनीति के कारण धार्मिक क्षति हो रही है जो हम सबके लिए चिंता का विषय है। ऐसे में धर्म कर्म को केंद्र बिंदु बनाकर किया गया आयोजन भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए सशक्त माध्यम है। गौरतलब है कि शहर के धर्मप्रेमी पंडित राजेश शर्मा द्वारा तीन दिवस तक महारुद्राभिषेक एवं श्री हनुमंत आराधना महोत्सव का अनुष्ठान किया जा रहा है। दूसरे दिवस भगवान राम के अभिषेक पश्चात पूजन, आराधना वैदिक पंडितों द्वारा संपन्न की गई। आज हनुमान जयंती पर हनुमान चालीसा के विशेष पाठ के साथ हनुमंत आराधना का महोत्सव मनाया जायेगा। पंडित राजेश शर्मा ने धर्मप्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

## मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर : नेहरू निषाद

- गंगरेल मंडल के सभी बूथों पर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





गंगरेल मंडल के सभी बूथों पर पार्टी का स्थापना दिवस उत्साह से मनाया गया। गंगरेल मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में मंडल अध्यक्ष श्रीमती मोनिका देवांगन शामिल हुई। 8 अप्रैल को अछोटा में भाजपा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन हआ। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद ने कहा कि छग राज्य निर्माता अटल बिहारी वाजपेई की जनकल्याणकारी विभिन्न योजनाओं सहित परमाणु परीक्षण, भारतमाला परियोजना से लेकर अंत्योदय की योजना एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत एक विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है। भाजपा कुकरेल मंडल प्रभारी विकल गुप्ता ने कहा कि पुरोधाओं एवं कार्यकर्ताओं की मेहनत से आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है।

पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन ने कहा कि पीएम मोदी ने राम मंदिर निर्माण, धारा 370, 35 ए, ट्रिपल तलाक जैसे मुद्दों पर ऐतिहासिक फैसला लिया। गंगरेल मंडल अध्यक्ष श्रीमती मोनिका देवांगन ने कार्यकर्ताओं का उत्साहपूर्वक करते हुए गांव चलो, बस्ती चलो कार्यक्रम की जानकारी दी। मंडल प्रभारी चेतन हिंदूजा ने कहा कि आज मंडल की सफलता के पीछे कार्यकर्ताओं का कठिन परिश्रम और मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व की अहम भूमिका है। जिला उपाध्यक्ष श्यामा नरेश साहू एवं पूर्व मंडल प्रकाश गोलछा ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री चंद्रहास जैन एवं नरेश यादव ने किया। आभार व्यक्त जनपद अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव ने किया। मौके पर पूर्व जिला महामंत्री नागेंद्र शुक्ला, मंडल सहसंयोजक अनीता यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश साहू, मंडल उपाध्यक्ष अनीष देवांगन, रूपाली ध्रुव, मुकेश यादव, जितेंद्र देवांगन, गजाधर सिन्हा, दीपक साहू, दयाराम सिन्हा, दुष्यंत सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पेंशनर एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष का चुनाव 13 को

**मगरलोड।** पेंशनर एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष का चुनाव 13 अप्रैल को होगा। डॉ केएल टांडेकर, भैयाराम चंद्राकर, यशवंत देवान चुनावी मैदान में हैं। मतदान केंद्र पेंशनर भवन मगरलोड को बनाया गया हैं। निर्वाचन अधिकारी के रूप में बीआर नाग, डीआर साहू, रमाकांत यादव होंगे। मतदान सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। तहसील शाखा मगरलोड के कुल 346 पेंशनर मतदाता मतदान करेंगे। पेंशनर एसोसिएशन तहसील शाखा मगरलोड के अध्यक्ष एनआर साहू ने सभी पेंशनरों से मतदान करने की अपील की है।

## होम्योपैथिक चिकित्सकों ने मनाई हैनीमैन जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमैन के जन्मदिन पर 10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथिक दिवस मनाया जाता है। सभी जगह इस पद्धति से संबंधित चिकित्सकों द्वारा अपने जनक को याद कर विभिन्न कार्यक्रम किए जाते हैं। धमतरी में भी होम्योपैथिक चिकित्सकों में सरसकृष्ण अस्पताल में यह जयंती मनाई। मौके पर डॉ. भूपेंद्र सोनी, डॉ. पपेश जैन, डॉ. भूपेंद्र साहू, डॉ. राकेश साहू, डॉ. आरएस गुप्ता, डॉ. तेजराम साहू, डॉ. गोपेश साहू, डॉ. देवेश सिन्हा, डॉ. कृतिबाला सिन्हा, डॉ. नरेंद्र चंद्राकर मौजूद थे। सभी ने हैनीमैन की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके बताए आदर्शों को याद किया। इस दौरान कई बीमारियों के केस पर चर्चा भी की गई। चिकित्सकों ने बताया कि वह मिथक होते जा रहा है कि लोगों के मन में रहता था कि होम्योपैथिक धीरे से असर करता है। यह गंभीर बीमारियों में भी कारगर साबित होते जा रहा है। अब इस पर लोगों का विश्वास बढ़ता जा रहा है। कई रासायनिक दवाइयों के दुष्प्रभाव को देखते हुए लोग इस पद्धति की ओर बढ़ रहे हैं।




महापौर को बताई समस्याएं, चबूतरे से बाहर बैठकर सब्जी बेचने वालों पर कार्रवाई की मांग

## मवेशियों एवं कुत्तों से इतवारी बाजार के सब्जी व्यवसायी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



इतवारी बाजार के सब्जी विक्रेताओं ने महापौर रामू रोहरा से मुलाकात कर बाजार में व्याप्त विभिन्न समस्याओं का समाधान करने का आग्रह किया है। महापौर चेंबर में मुलाकात के दौरान सब्जी विक्रेता मनीषा पटेल, रामेश्वरी पटेल, राधा पटेल, लक्ष्मीबाई, रेखाबाई, दुर्गा सोनकर, लता पटेल ने बताया कि इतवारी बाजार में आवंटित चबूतरे के अलावा बाजार परिसर के अंदर रोड किनारे सब्जी पसरा लगाकर यातायात को बाधित कर रहे हैं। ऐसे व्यक्तियों पर निगम द्वारा कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही बाजार में शेष बचे चबूतरे को उन्हें आवंटित किया जाए। सब्जी बाजार परिसर में सैकड़ो में आवारा कुत्ते विचरण करते हैं जिससे क्रेता-विक्रेता को हर पल डर रहता है। मांस, मटन, चिकन, मछली के अवशेष के लालच में कुत्तों का झुंड रहता है। ये कुत्ते आने जाने वालों को बेवजह दौड़ाते हैं, भौंकते है। बाजार परिसर में लावारिस मवेशी विचरण करते हैं जो सब्जियों को नुकसान पहुंचाते हैं। भगाने पर क्रेता विक्रेता को मारने दौड़ाते हैं। महिलाओं के लिए प्रसाधन रूम की कमी है। बाजार में बनाए गए शौचालय में गंदगी रहती है। पानी की कमी है। इससे महिलाओं को असुविधा होती है। वेटिंग रूम, रेस्ट रूम का अभाव है। पेयजल के लिए दिए गए सार्वजनिक नल का कनेक्शन पर्याप्त नहीं है। उनकी समस्याओं को सुनने के बाद श्री रोहरा ने शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

